तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **चुतरा राम पिचकिया** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर उत्तर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353025659693436	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी चुतराराम पिचकिया निवासी ग्राम पोस्ट खांगटा, तहसील पीपड सिटी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 05.04.2025 को खसरा संख्या 199/1 में प्लॉट न 75, 76, 77 व 78 के पश्चिम प्लॉट न. 73, 62 59 व 60 के दक्षिण और उमेद होटल के उत्तर व पूर्व की तरफ तकरीबन 250x85 फीट क्षेत्रफल पर मालिकाना हक किसका है एवं प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर उत्तर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर उत्तर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर उत्तर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर उत्तर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावें। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.1? 14:30:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15966080